Third Day of Annual NSS Camp

NSS Dinesh 13 Dec, 2022

दिनांक 13 दिसंबर 2022 को राजकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन था। सुबह के सत्र में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण मे जमा हुई मिट्टी की सफाई की तथा झाड़ियों को काटा। कुछ स्वयंसेवियों ने छात्रवृति के लिए आवंटित कमरे की सफाई की तथा कॉन्फ्रेंस रूम से कमप्यूटर सेट, टेबल और कुर्सियां को छात्रवृत्ति रूम में शिफ्ट किया। इसके अतिरिक्त दिसंबर महीने में आयोजित होने वाली गृह परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं को बनाने में भी अपना सहयोग दिया। दोपहर बाद के सत्र में रोजगार कार्यालय सराहां के प्रभारी श्री अमित कुमार ने युवाओं के लिए रोजगार कार्यालय द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बेरोजगारी भत्ता, कौशल भत्ता व औद्योगिक भत्ता से संबंधित जानकारी साझा की। तत्पश्चात विद्यार्थियों को कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा लोक नृत्य का एक वीडियो दिखाया गया। उसके पश्चात स्वयंसेवियों को शिविर से संबंधित अलग-अलग कार्य बांटें गए और अंत में मनोरंजनात्मक गतिविधियां के साथ दोपहर बाद के सत्र का समापन हुआ।